# जबलपुर और बालाघाट को किया संयुक्त विजेता घोषित

## अधिक बारिश के चलते नहीं हो सका फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल

**मंडला, देशबन्धु।** महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली गई दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 में रविवार को जबलपुर और बालाघाट के बीच फाइनल मैच होना था लेकिन बारिश के चलते मैच नहीं हो सका। दिन भर हो रही बारिश और मैदान में पानी भरे होने की वजह खेल होना संभव नहीं था। ऐसे में फाइनल में पहुंची दोनों टीम जबलपुर व बालाघाट, निर्णायक मंडल और आयोजन समिति ने सर्वसम्मति से दोनों ही टीम को संयुक्त विजेता घोषित करने का निर्णय लिया। जबलपुर व बालाघाट के संयुक्त विजेता घोषित करने के साथ - साथ दोनों ही टीम को विजेता की ट्रॉफी प्रदान की गई।



इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सतना के निखिल, शहडोल के राजपुरी, खरगोन के शिवम पाटीदार, जबलपुर के रोहित थापा, छिंदवाड़ा के राहुल, खरगोन के प्रतीक, सिवनी के मेहुल और सतना के अभय ने निभाई। आयोजन समिति के सचिव पंकज उसराठे ने जिला पुलिस बल, नगर पालिका परिषद् मंडला, जिला चिकित्सालय मंडला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य कार्यालय मंडला, स्थानीय मीडिया सहित उन सभी लोगों और संस्थाओं का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में एहम भूमिका का निर्वहन किया है।

इस दौरान जिला जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, सचिव अनिल सोनी, नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के अनूप वासल, सत्यनारायण अग्रवाल, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव चंद्रेश खरे, हॉकी मंडला के अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, हॉकी मंडला के कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश कुलस्ते गोल्डी, राम कृष्ण सेवाश्रम के स्वामी शारदातमानन्द, माहिष्मती ग्राउंड ग्रुप के अध्यक्ष बसंत चौधरी, गणेश महान, विजय असरानी, ऋषि राय, वरुण अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पंकज उसराठे, पवन नंदा, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, अभिषेक यादव, संतोष धुर्वे, बॉबी, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमियों ने उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया।

# पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं, अधिक से अधिक पौधे लगाएं, स्वस्थ वातावरण बनाएं

## कैबिनेट मंत्री ने डुंगरिया में किया बीजांकुर अभियान का शुभारंभ

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने जनपद नैनपुर के ग्राम डुंगरिया-परसवाड़ा में आयोजित बीजांकुर अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गोल पहाड़ी में पौधा रोपकर कार्यक्रम की शुरुआत की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंत्री उईके ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर अपनी आने वाली पीढियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए। जिले में बनाए गए सीडबॉल के माध्यम से बीजांकुर अभियान के तहत ढाई लाख से अधिक पौधों का रोपण हो रहा है यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अच्छी पहल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश की सरकार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं। हम सभी को शासन के इस प्रयास में सहभागी बनते हुए पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान देना होगा, जिससे हमारे आसपास के मैदान और पहाडियां फिर से पहले की तरह हरी-भरी हो सके।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे प्रमुख अवसरों पर एक पौधा अवश्य रोपित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, प्रत्येक निवासी को इस पावन यज्ञ में स्वयं पौधारोपण कर आहूति देनी होगी।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 25 वर्ष बाद विमल मति माताजी ससंघ



**मंडला, देशबन्धु।** आर्यिका रत्न 105 विमल मति माता जी ससंघ का 25 वर्ष बाद पुनः 2025 का मंडला चातुर्मास के लिए आज बरेला से मंडला के लिए हुआ मंगल बिहार। मंडला समाज से सभी कमेटियों ने किया निवेदन और साथ में बिहार कराया। आज रात्रि उदयपुर में विश्राम हुआ ।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**मंडला, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिसर में किया गया। नगर के इस सामूहिक आयोजन में विद्यालयीन छात्रों के साथ जनप्रतिनिधियों और शासकीय सेवको ने योगाभ्यास किया। उक्त कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी एवं आगंतुक अतिथियों द्वारा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्य मंत्री मोहन यादव के उद्बोधन प्रसारण के बाद योग आरंभ किया। जिसमें पार्षद राजाराम शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, प्रेम कुमार चौटेल, उत्कृष्ट शाला से जावेद खान, पीटीआई डीके बघेल एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर एवं ग्रामीण अंचलों की शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षक एवं विद्यार्थी एकत्र हुए।

### भाजपा पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

**मंडला, देशबन्धु।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशानुसार महाविद्यालय नैनपुर में एक पेड़ मां के नाम लगाने कार्यक्रम रखा गया। बूथ क्रमांक 58 महाविद्यालय नैनपुर परिसर निवारी में पौधा लगाकर सरंक्षित करने का संकल्प लिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मुकेश पांडे, नगर उपाध्यक्ष संजय सिसोदिया, किसान मोर्चा अध्यक्ष असद अहमद कुरैशी, जन भागीदारी अध्यक्ष दामोदर झारिया नगर महामंत्री नितेश झारिया, नगर मंत्री अजय नबेरिया, नगर मंत्री खलेश रजक, नीरज झारिया, गोलू ठाकुर, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अमित श्रीवास, अनिल श्रीवास, नगर महामंत्री ओमप्रकाश गेमनानी उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति को मिली ग्रामसभा की कमान

**मंडला, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय मंडला से लगभग 60 किलोमीटर दूर बीजाडांडी ब्लाक की ग्राम पंचायत बारोंची की ग्राम सभा रोजकुंड में पेसा एक्ट के तहत एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया। इस बार ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से अहिना मार्को को अपना नवीन ग्राम सभा अध्यक्ष चुना है। इससे पहले सोहन कुशराम का एक वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक समाप्त हो चुका था। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के तिलक बंधन के साथ हुई, जो आदिवासी और सामाजिक न्याय के प्रति सम्मान का प्रतीक था। इसके बाद ग्रामीणजनों ने मिलकर पेसा एक्ट की जागरूकता रैली निकाली और पूरे गांव का भ्रमण किया।

इस रैली में सभी ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। भ्रमण कार्यक्रम के बाद सभी ग्रामवासी स्कूल प्रांगण में एकत्रित हुए। अहिना मार्को के चयन के साथ ही नई समिति और सदस्यों को भी ग्राम सभा द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया। यह कदम ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण में नारी शक्ति की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है। बताया गया कि इस बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता संजय कोकडिया, पटवारी सतीश परते, सचिव टंडन, जिला समन्वयक सोमेन्द्र कुमार कुशराम, ब्लॉक समन्वयक सपना कोल और ग्राम पेसा मोबिलिजर भीकम पंद्रो सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ ने किया सम्मान

**मंडला, देशबन्धु।** जिले के ग्राम पदमी निवासी संजय ठाकुर को भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) के 8वें राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मध्यप्रदेश राज्य इकाई निर्वाचन कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। ठाकुर को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके अनुकरणीय कार्य के लिए सराहना की गई। संजय ठाकुर ने अपने पिता स्वर्गीय झामसिंह ठाकुर की वर्षीय का कार्यक्रम न करते हुए महाराजपुर संगम में लोधी क्षत्रिय समाज की धर्मशाला के निर्माण के लिए एक लाख रुपए का दान दिया है। उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया।

# बारिश के साथ बाजार में भी आई रौनक

**मंडला, देशबन्धु।** बीते दिनों हुई बारिश में किसान खेतों की जुताई कर दी थी अब दो दिन से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया है। किसान बरसात शुरू होते ही खरीफमें खेतों को तैयार कर बिना मौका गंवाए फसलों की बुआई करने को बेचौन हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक 26 मई तक रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। बारिश थमते ही किसान खेती कार्य को गति देने में लग जाएंगे।

गौरतलब है कि मानसून, जिसका हर किसी को इंतजार रहता है। किसान से लेकर सरकार तक आसमान की ओर टकटकी लगाए रहते हैं। यूं कह लीजिए कि देश की अर्थव्यव्यस्था और खद्यान्न उत्पादन पूरी तरह से मानसून पर निर्भर है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान पर काली घटाओं ने अपना डेरा जमा लिया था, पूरे दिन रिमझिम बारिश जारी रही। किसान एक-एक दिन बादल देखकर गुजार रहे हैं। किसानों को अभी भी झमाझम बारिश का इंतजार है।

**खरीदारी के लिए बाजार हुए गुलजार-** क्षेत्र में मानसून आहट के चलते किसान व ग्रामीण सक्रिय हो गए है। किसानों का अनुमान हैं कि कुछ ही दिन में जोरदार बारिश का दौर प्रारंभ हो जाएगा। कुछ दिनों से प्रतिदिन आसमान पर बादलों का जमावड़ा लग रहा है और शहर सहित कई ग्रामीण अंचलों में बारिश भी हुई है।

वर्षाकाल के प्रारंभ होते ही अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लोग छतों पर डालने के लिए प्लास्टिक की तिरपाल खरीदते हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में बरसाती की दुकानों पर जाकर बरसाती तिरपाल खरीदी। दुकानदारों ने बताया तिरपाल कई तरह की आ रही हैं।

**खाद-बीज भी बिक रहे-** खरीफ सीजन की तैयारियों में किसान जोर-शोर से जुट गए हैं। नगर की खाद बीज की अनेक दुकानों पर किसान खाद-बीज खरीदते दिखाई दिए। हालांकि किसान बारिश होने के बाद भी कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा बताए गए सही समय पर ही बोवनी करेंगे। परंतु बीज और खाद अभी से खरीद कर रख रहे हैं।

### भाजपा पदाधिकारियों ने रोपे पौधे

**मंडला, देशबन्धु।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशानुसार महाविद्यालय नैनपुर में एक पेड़ मां के नाम लगाने कार्यक्रम रखा गया। बूथ क्रमांक 58 महाविद्यालय नैनपुर परिसर निवारी में पौधा लगाकर सरंक्षित करने का संकल्प लिया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मुकेश पांडे, नगर उपाध्यक्ष संजय सिसोदिया, किसान मोर्चा अध्यक्ष असद अहमद कुरैशी, जन भागीदारी अध्यक्ष दामोदर झारिया नगर महामंत्री नितेश झारिया, नगर मंत्री अजय नबेरिया, नगर मंत्री खलेश रजक, नीरज झारिया, गोलू ठाकुर, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अमित श्रीवास, अनिल श्रीवास, नगर महामंत्री ओमप्रकाश गेमनानी उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिश से सड़कें लबालब



**मंडला, देशबन्धु।** वारिश ने मचाया हडकंप सुभाष वार्ड में वारिस के कारण रोड में भरा लवालव पानी लोगों को निकलने में हो रही परेशानी । रोड में बहुत बड़े बड़े गड्ढों के कारण हो रहे एक्सीडेंट सीवर लाइन की जगह में बडे गड्ढे और चेम्बर में आए दिन गाडियां ट्रेक्टर धस रहे है मार्ग हो गया है संकीर्ण ऐसी घटनाओं से जनता हो रही है परेशान । जिला प्रशासन से सुधार की उम्मीद लिए बैठ वार्ड वासी नागरिक । अभी ध्यान नही दिया गया तो बड़ी बड़ी घटनाएं संभावित हैं। जनता जिला प्रशासन से लगा रही है गुहार अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद से लगाए बैठे है उम्मीद, शीघ्र ही जनता की सुनवाई है और पक्का मार्ग लाइट नल की मिल जाए अनुमति ।

# ट्रांसफार्मर और अर्थिंग तारों से मवेशियों की हो रही मौत

**मण्डला, देशबन्धु।** जिले के बबलिया क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण न केवल उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि आवारा मवेशी भी बिजली के खुले तारों और ट्रांसफार्मरों की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। ग्रामीण लंबे समय से ट्रांसफार्मरों और अर्थिंग तारों के चारों ओर फेंसिंग लगाने की मांग कर रहे हैं जिससे इन हादसों को रोका जा सके। बबलिया क्षेत्र के कई स्थानों पर बड़ी और छोटी लाइनों के बिजली के तार पेड़ों की डालियों से टकरा रहे हैं, जिससे स्पार्किंग हो रही है और कटआउट के तार जल रहे हैं। इसके चलते बिजली का वोल्टेज भी घटता-बढ़ता रहता है, जिससे उपभोक्ताओं के घरों में बल्ब, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं।

बताया गया कि विद्युत विभाग की अनदेखी का आलम यह है कि जहां-जहां ट्रांसफार्मर और अर्थिंग तार लगे हैं, वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। खुले तारों की वजह से मवेशी अक्सर इनकी चपेट में आ जाते हैं और बेमौत मारे जाते हैं। पिछले दिनों मंडला जिले के सांसद के घर के सामने लगे ट्रांसफार्मर के तार से चिपककर एक मवेशी की मौत हो गई थी।

**बनार ग्राम पंचायत में भैंस की दर्दनाक मौत -** बताया गया कि बनार ग्राम पंचायत के पोषक ग्राम मझगांव मोहार टोला निवासी राजेश वरकडे पिता कमलसिंह वरकडे की एक दुधारू भैंस ट्रांसफार्मर और अर्थिंग तार की चपेट में आकर दम तोड़ गई। यह घटना शुक्रवार को लगभग 11 बजे दिन में हुई। राजेश वरकडे ने इस संबंध में टिकरिया पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। मौके पर पशुचिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम के बाद भैंस के शव को पशु मालिक को सौंप दिया था। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मरों के आसपास तार से फेंसिंग की जाए जिससे अचानक होने वाली मवेशियों की मौत को रोका जा सके।

# प्रचार रथ के माध्यम से शुद्ध पेयजल के उपयोग व क्लोरिनेशन की दी जानकारी

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मंडला के कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण इलाकों में जागरुकता पहुंचाने हेतु प्रचार रथ गांव-गांव में जा रहा है। रथ द्वारा वर्षा काल में पानी को साफ करने के तरीके, पानी जांच प्रक्रिया से समुदाय को जागरूक करने के साथ साथ पीएचई विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में समुदाय को जानकारी प्रदान की जा रही हैं।

शनिवार को प्रचार रथ के माध्यम से विकासखंड निवास, मंडला, मोहगांव, नारायणगंज, बीजाडांडी, नैनपुर, बिछिया, मवई, घुघरी में ग्रामों में समुदाय को जागरूक किया गया। विकासखंड मोहगांव के ग्राम बड़झर, उमरडीह, झुरगी पोड़ी, गिठार, मालपहरी, मुंगवानी, पंछी पानी, भानपुर, अमझर में एवं विकासखंड नैनपुर के ग्राम सिंगारपुर, सर्री, कजरवाड़ा, विकासखंड नारायणगंज के मानेगांव, जुझारी, सिवनी माल, देवडोंगरी, फड़की माल, बीजेगांव में, विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम उदयपुर, बकाई, बेरपानी, समनापुर, ओरिया, मझगांव में, विकासखंड बिछिया के ग्राम बिशनपुरा, गोपांगी, रामनगर, खिरहनी, मोहगांव, खर्राझर, लुटिया में क्लोरिनेशन का कार्य किया गया।

# एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर प्रश्नोत्तरी

**मंडला, देशबन्धु।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की क्षेत्रीय- कार्यालय मंडला के तत्वावधान में मेरा युवा भारत मंडला, पतंजलि योगपीठ समिति के सहयोग से छात्र-छात्राओं एवं स्थानीयजनों के बीच 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योगाभ्यास, गीत संगीत, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया।

इस अवसर मुख्य अतिथि के तौर पर आशीष ज्योतिषी प्राचार्य, योग शिक्षक राम गोपाल यादव, विनोद कुमार पटेल योग गुरु, रघुनंदन झरिया लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी, मेरा युवा भारत, रविशंकर सोनी सहित अन्य योग प्रेमी उपस्थित रहे। आशीष ज्योतिषी ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि एक जीवन शैली है यह हमें स्वस्थ शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। रोज योग करने से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और शरीर मजबूत बनता है, हम सभी संकल्प लें योग को अपने दिनचर्या में अपना कर खुद और देश को स्वस्थ बनाएं।

कार्यक्रम के आयोजक एस.के. साहू प्रचार अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग-व्यायाम के साथ किया पौधरोपण

**मंडला, देशबन्धु।** भुआ बिछिया. शिशु मंदिर भुआ बिछिया में भाजपा मंडल बिछिया के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 09 बजे से योग-व्यायाम एवं विभिन्न आसन-प्राणायाम किए गए। योग शिक्षक संजय तिवारी एवं सीमा राजपूत द्वारा शाला परिसर आए हुए सभी नागरिको, स्कूल स्टॉफ मातृशक्तियों, बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों को सामूहिक योग-व्यायाम कराया गया। योग के दैनिक जीवन में आचरण से होने वाले शारीरिक मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त योग-व्यायाम कार्यक्रम के बाद भाजपा मंडल बिछिया द्वारा मां बंजारी धाम, भुआ बिछिया में पीपल आदि में पौधरोपण कराया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सुअवसर पर संपन्न उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजेंद्र सिंह कोकडिया, चंद्र कुमार झारिया शशिकांत श्रीवास्तव, अजय पुरी गोस्वामी, नरेश सार्वे, नरेश राजपूत, दीपक कटारे, भूपेंद्र मिंटू ठाकुर, दीपक पाण्डेय, कैलाश डेहरिया, विवेक कुमार पाण्डेय, विकास पिपरसानिया, जितेंद्र लड्डू राय, विमल चौधरी, सोनल अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही।

# मास्टर टेनर्स गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें

**मंडला, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में शनिवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिले से भी प्रशिक्षार्थी शामिल हुए हैं। मास्टर टेनर्स को निर्वाचक नामावली सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता और जिम्मेदारी लें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रदेश के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया।